दैनिक भास्कर 16/02/2024

रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता में व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में एनसीसी, एनएसएस, महिला प्रकोष्ठ इकाई, नमीषा फाउंडेशन ट्रस्ट, ड्रॉप्स ऑफ चेंज, ओस्का के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया।

शिविर में मुख्यातिथि चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सौरभ गुप्ता, विशेष अतिथि इंडियन यूथ रेडक्रॉस हरियाणा समिति के जनरल सेक्रेटरी डॉ. मुकेश अग्रवाल, स्टेट कोऑर्डिनेटर, इंडिया यूथ रेडक्रास सोसाइटी डॉ. रोहित शर्मा चंडीगढ़ ने शिरकत की। यूथ रेडक्रास सोसाइटी के प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया।